प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा आज मना रही है अपनी स्थापना का रजत जयंती, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समारोह का किया उदघाटन।
- राज्यपाल ने धनबाद के विधायक राज सिन्हा को उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से नवाजा, विधानसभा के छह कर्मी भी हुए सम्मानित।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता यात्रा को किया रवाना, युवाओं को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लिए किया प्रेरित।
- सरायकेला में लौह अयस्क से भरा डंपर अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा पर पलटा, दो लोगों की मौत, पांच की हालत गंभीर।
- सरायकेला की हल्दी और सिमडेगा की मीठी ईमली समेत राज्य के नौ उत्पादों को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान, नाबार्ड ने जीआई टैगिंग दिलाने की तेज की पहल।

****

झारखंड विधानसभा आज अपनी स्थापना का रजत जयंती समारोह मना रही है। इस विशेष अवसर पर रांची स्थित विधानसभा परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। मौके पर इस वर्ष के उत्कृष्ट विधायक राज सिन्हा को राज्यपाल ने सम्मानित किया। मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा कर्मियों, शहीदों के आश्रितों और खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार और सदन को जनहित के प्रति उतरदायी होना चाहिए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि यह आंदोलनकारियों की धरती है।

स्वागत संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि लोकतंत्र की मर्यादा का ख्याल रखना सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज कोडरमा में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरदार@150 एकता यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर विधायक डा. नीरा यादव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की विरासत को सम्मान देने के लिए देश भर में कई आयोजन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को एक भारत–श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की ओर प्रेरित करना सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

****

उद्योग जगत और परामर्श संस्थाओं ने देश में चार श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे एतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि इन सुधारों से औपचारिक रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा और नियमों का पालन आसान होगा।

भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह फैसला आज़ादी के बाद से मज़दूरों के हित में किया गया सबसे बड़ा सुधार है।

****

सरायकेला–खरसांवा जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चाईबासादृहाता मुख्य मार्ग पर चालियामा स्थित रुंगटा प्लांट के 5 नंबर गेट के पास एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां आयरन ओर से भरा डंपर अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा पर पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। इस हादसे के बाद चाईबासा–हाता मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

राज्य के नौ उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल तेज कर दी गयी है। इसके लिए नबार्ड झारखंड ने जीआई टैगिंग हासिल करने की प्रक्रिया शुरु की है। जीआई टैगिंग के लिए जिन नौ उत्पादों का चयन किया गया है उनमें देवघर का मशहूर अट्ठे मटन, सरायकेला खरसावां की कुचाई हल्दी, बीरु गमछा, कुचाई सिल्क साड़ी, तसर सिल्क साड़ी, मीठी ईमली, आदिवासी ज्वेलरी, बांस की कारीगरी और करणी शॉल शामिल हैं। नबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक दीपमाला घोष ने बताया कि इस साल, नबार्ड की पूरी कोशिश है कि झारखंड के कम से कम आठ से नौ बेहतरीन और अनोखे उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिले।

****

गुमला के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की क्षमता विकास के लिए टीचर नीड असेसमेंट परीक्षा आयोजित की गई।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 16 हजार 700 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 63 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

राज्य के सभी जिलों में तापमान मे उतार–चढ़ाव जारी है। सुबह और शाम ठंड रहती है जबकि दिन में तेज धूप से गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार कल से आकाश में बादल छाये रह सकते हैं। इस बीच चिकित्सकों ने तामपान में उतार–चढ़ाव को सेहत के लिए नुकसानदेह बताते हुए लोगों को सचेत किया है।

****